दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 17 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 260

महत्वपूर्ण एवं खास

कोटा में आईआईटी-जेईई छात्र ने फांसी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान में आईआईटी-जेईई, एमबीबीएस और एनईईटी आदि की कोचिंग के लिए मशहूर कोटा शहर में छात्रों के आत्महत्या करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।अब आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहे एक 17 वर्षीय छात्र ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी में रखवाया और उसके परिनजों को सूचना दी। छात्र की मौत से इलाके में हडक़ंप मचा हुआ है। महावीर नगर पुलिस थानाप्रभारी महेंद्र मारू ने बताया कि मृतक छात्र बिहार के मोतिहारी जिला निवासी आयुष जायसवाल है। वह आईआईटी-जेईई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 2 साल से महावीर नगर इलाके के पास एक क्क्त्र (पेइंग गेस्ट) में रह रहा था।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आयुष ने अपने कमरे की छत पर लगे कड़े से रस्सी बांधकर फंदा तैयार किया और उस पर लटककर आत्महत्या कर ली। थानाप्रभारी मारू ने बताया कि शनिवार रात तक जब आयुष अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो इसकी जानकारी आयुष के दोस्तों ने उसके क्क्त्र मालिक को दी। इस पर मालिक ने उसका दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसने नहीं खोला। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो आयुष फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को उताकर मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। थानाप्रभारी मारू ने बताया कि कोटा में इस साल अब तक कुल 11 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। इसी महीने कोटा में रहकर ही एनईईटी की तैयारी कर रही एक 18 वर्षीय छात्रा ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, पांच लोगों की मौत

चित्रकूट (आरएनएस)। भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अलग-अलग जगह पांच लोगों की हालत खराब होने पर जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों में शोक छा गया। कोतवाली कर्वी अंतर्गत लक्ष्मणपुरी निवासी बड़े भाई रमेश चंद्र वाल्मीकि ने बताया कि राजा (30) नगर पालिका परिषद कर्वी में सफाई कर्मी था। ड्यूटी कलक्ट्रेट में लगी थी। शनिवार की दोपहर को वह ड्यूटी कर वापस घर आया। अचानक उसकी तबियत खराब होने लगी तो परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लू लगने की वजह से उसकी मौत हुई है। मृतक तीन भाईयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। पत्नी सीमा देवी की पहले ही मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद लेखपाल महेंद्र सिंह व मुंशी तीरथ प्रसाद आए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

एनडीए सांसद का मोबाइल ईवीएम से जुड़ा, 48 वोटों से जीते, अब एफआईआर हुआ दर्ज

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में एक बार फिर से सियासी हलचलें तेज हो चुकी है. मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना गुट के नवनिर्वाचित सांसद रविंद्र वायकर के साले मंगेश पांडिलकर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. यह एफआईआर इसलिए दर्ज किया गया है क्योंकि गोरेगांव चुनाव सेंटर के अंदर मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी थी. बावजूद इसके रविंद्र वायकर पर फोन यूज करने के आरोप लगे हैं. साथ ही पांडिलकर ने चुनाव आयोग के एक कर्मचारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है, जिसने मंगेश पांडिलकर को चुनाव सेंटर के अंदर मोबाइल दिया था. स्थानीय पुलिस ने जांच में यह पाया कि मंगेश उस मोबाइल का इस्तेमाल कर रहा था, जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था. जांच में यह भी पाया कि 4 जून को जब वोटों की गिनती की जा रही थी. उस दौरान ईवीएम मशीन को अनलॉक करने के लिए भी ओटीपी उसी मोबाइल पर आया. जिसके बाद वनराई पुलिस ने आरोपी मंगेश पांडिलकर और चुनाव आयोग के संचालक दिनेश गुरव को नोटिस भेजा गया है. यह नोटिस सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत भेजा गया. पुलिस ने मोबाइल जब्त करके इसे फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेज दिया है.

वायुसेना की टुकड़ी ने अलास्का में एक्सरसाइज रेड फ्लैग में लिया हिस्सा

नई दिल्ली | आरएनएस

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने 4-14 जून तक अमेरिकी वायु सेना के ईल्सन एयर फोर्स बेस, अलास्का में आयोजित एक्सरसाइज रेड फ्लैग 2024 में भाग लिया। यह एक्सरसाइज रेड फ्लैग 2024 का दूसरा संस्करण था। यह एक उन्नत हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास है, जिसे अमेरिकी वायु सेना साल में चार बार आयोजित करती है।

इस एक्सरसाइज में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ़ सिंगापुर एयर फ़ोर्स (आरएसएएफ), ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ), रॉयल नीदरलैंड एयर फ़ोर्स (आरएनएलएएफ), जर्मन लूफ़्टवाफ़े और यूएस एयर फ़ोर्स (यूएसएएफ) ने भाग लिया।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया, भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया जिसमें वायुसेना दल, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। राफेल लड़ाकू विमानों की ट्रान्साटलांटिक उड़ान को आईएल-78 के एयर टू एयर रिफ्यूलर (एएआर) ने संभव किया। कर्मियों और उपकरणों का परिवहन सी-17 ग्लोबमास्टर विमान द्वारा किया गया था।

भारतीय वायुसेना की यह टुकड़ी 29 मई 2024 को अलास्का में ईल्सन बेस में पहुंची।

रेड फ्लैग एक हवाई युद्ध अभ्यास है, जिसे यथार्थवादी युद्ध जैसी परिस्थितियां प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए कई परिदृश्यों के साथ आयोजित किया जाता है। वांछित वातावरण तैयार करने के लिए बलों का सीमांकन किया जाता है। रेड फोर्स पर वायु रक्षा की जिम्मेदारी होती है और ब्लू फोर्स आक्रामण करता है। इस एक्सरसाइज के दौरान, रेड फोर्स का गठन मुख्य रूप से एफ-16 और एफ-15 विमानों की उड़ान वाले अमेरिकी एग्रेसर स्क्वाड्रन द्वारा किया गया था।

भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों ने पहली बार एक्स रेड फ्लैग में भाग लिया। उन्होंने सिंगापुर और अमेरिका के एफ-16 तथा एफ-15 और अमेरिका के ए-10 विमानों के साथ सैन्य अभ्यास किया। एक्सरसाइज के दौरान बियॉन्ड विज़ुअल रेंज (बीवीआर) लड़ाकू अभ्यास शामिल रहे। भारतीय वायुसेना चालक दल ने मिशन योजना में सक्रिय रूप से भाग लिया और अभ्यास के दौरान नामित मिशनों के लिए अग्रणी नेतृत्व की भूमिका भी निभाई।

चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद, भारतीय वायुसेना के रखरखाव दल ने एक्सरसाइज के दौरान सभी विमानों की सेवा क्षमता सुनिश्चित करने के लिए लगन पूर्वक काम किया। एक्सरसाइज के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरी गईं तथा सभी निर्धारित मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए गए।

इस सैन्य अभ्यास की मुख्य उपलब्धियों में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि रही। लंबी दूरी की यात्रा करने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव, विशेष रूप से युवा चालक दल के लिए एक समृद्ध और रोमांचकारी अनुभव था।

भारतीय सैन्य टुकड़ी की 24 जून को भारत वापस आने से पहले ग्रीस और मिस्र की वायु सेनाओं के साथ एक्सरसाइज में भाग लेने की योजना है।

भारतीय रेलवे की बड़ी उपलब्धि, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

नईदिल्ली | आरएनएस

भारतीय रेलवे ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्समें अपना नाम दर्ज कराया है। रेलवे को यह उपलब्धि कई स्थानों पर सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में सबसे ज्यादा लोगों की मौजूदगी के लिए हासिल हुई है। दरअसल, रेल मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम का आयोजन 2140 जगहों पर हुआ और इसमें 40,19,516 लोगों ने हिस्सा लिया था।

इस कार्यक्रम का आयोजन रेलवे पुलों के ऊपर/नीचे सडक़ के उद्घाटन और रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखने के लिए किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। भारतीय रेलवे के इस बड़े प्रयास में लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। इस उपलब्धि को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

आपको बता दें कि एक बार फिर से अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दूसरी बार रेल मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया है। वैष्णव को रेल मंत्रालय के साथ ही सूचना और प्रसारण मंत्रालय भी मिला है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस दूसरे कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता वेटिंग टिकट की समस्या को दूर करने की होगी। वह जल्द से जल्द इस समस्या को दूर करना चाहते हैं। रेल मंत्रालय भी इस कोशिश में जुट गया है कि सभी को कंफर्म टिकट मिले।

एक अनुमान के मुताबिक अगर रेलवे रोजाना तीन हजार अतिरिक्त ट्रेन चलाए तो वेटिंग टिकट की समस्या से निजात मिल सकती है।

पटना में गंगा दशहरा के मौके पर बड़ा हादसा, श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, 6 लोग लापता

पटना | आरएनएस

बिहार की राजधानी पटना में गंगा दशहरा के मौके पर एक बड़ा हादसा हो गया. दरअसल, पटना के बाढ़ क्षेत्र में गंगा दशहरा के मौके पर गंगा स्नान के जा रहे श्रद्धालुओं की नाव पलट गई. नाव के पलटते ही वहां चीख पुकार मच गई. जानकारी के मुताबिक, ये हादसा बाढ़ क्षेत्र में उमानाध घाट के पास हुआ. जहां श्रद्धालुओं से भरी नाव अचानक से गंगा में पटल गई. बताया जा रहा है कि जब नाव गंगा में पलटी तब उसमें 17 लोग सवार थे.

नाव पलटते ही 11 लोग तो तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन 6 लोग लापता हो गए. तैरना न आने की वजह से वह पानी से बाहर नहीं आ पाए. सभी लापता लोगों की गोताखोर खोज में लगे हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई पता नहीं चला है. कई अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं. इसके साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी बचाव अभियान में लगी हुई है.

जानकारी के मुताबिक, उमानाथ घाट पर गंगा दशहरा के दिन जो नाव पलटी, उसमें एक ही परिवार के 17 लोग सवार थे. सभी नाव में बैठकर दियारा की ओर स्नान करने जा रहे थे. इससे पहले कि वह घाट पर पहुंचते नाव बीच में ही पलट गई. नाव पलटने की सूचना पर एसडीएम शुभम कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. उसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया.

एसडीआरएफ की टीम डूबे हुए लोगों की तलाश में कर रही है. एसडीएम शुभम कुमार के मुताबिक, एक ही परिवार के 17 लोग नाव पर सवार थे, तभी ये घटना हो गई. जिसमें 13 सुरक्षित हैं. बाकी 4 लोगों की तलाश की जारी है. सभी लोग नालंदा के आस्थावा के रहने वाले हैं.

एनसीईआरटी ने 12वीं की किताब से हटाया बाबरी मस्जिद का नाम

❑ अयोध्या विवाद सामग्री भी घटाई

नईदिल्ली | आरएनएस

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में बड़े बदलाव किए हैं।इस किताब में से बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है और इसकी जगह 3 गुंबद वाला ढांचा लिखा गया है।इसी तरह अयोध्या विवाद वाले अध्याय में भी छंटनी की गई है और कई जानकारी हटा दी गई है। पहले ये अध्याय 4 पेज का था, जिसे अब 2 पेज का कर दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, किताब से गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथयात्रा, कारसेवकों की भूमिका, 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा द्वारा अयोध्या की घटनाओं पर खेद व्यक्त करना जैसे अध्यायों को हटा दिया गया है।इससे पहले खबर थी कि किताबों से विध्वंस के कम से कम 3 संदर्भ और राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अध्याय में बदलाव किए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुरानी किताब में बताया गया था कि 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह बाबर के सेनापति मीर बाकी ने बाबरी मस्जिद बनवाई थी।अब इसमें बदलाव कर लिखा गया है कि 1528 में श्रीराम के जन्मस्थान पर 3 गुंबद वाला ढांचा बना दिया गया है। हालांकि, इस ढांचे में कई हिंदू चिह्न बने हुए थे।नई किताब में लिखा गया है कि ढांचे की आंतरिक और बाहरी दीवारों पर मूर्तियां बनी हुई थीं।

नई किताब में फैजाबाद जिला कोर्ट के आदेश से जुड़े बदलाव भी किए गए हैं।इसमें लिखा है, 1986 में 3 गुंबद वाली संरचना के संबंध में स्थिति ने एक महत्वपूर्ण मोड़ लिया, जब फैजाबाद जिला कोर्ट ने संरचना को खोलने का फैसला सुनाया, जिससे लोगों को पूजा करने की अनुमति मिल गई। यह विवाद दशकों पुराना था, क्योंकि माना जाता था कि 3 गुंबद वाली संरचना श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर के विध्वंस के बाद बनाई गई थी।

नई किताब में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नई सामग्री जोड़ी गई है।इसमें कहा गया है, किसी भी समाज में संघर्ष होना तय है, लेकिन एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में ऐसे संघर्षों को कानून की उचित प्रक्रिया के बाद हल किया जाता है।इसके बाद किताब में अयोध्या विवाद पर 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के 5-0 के फैसले का जिक्र किया गया है।

पुरानी किताब में अखबारों के लेखों की कई तस्वीरें थीं। इनमें 7 दिसंबर, 1992 को छपा एक लेख भी शामिल था, जिसका शीर्षक था बाबरी मस्जिद ढहाई गई, केंद्र ने कल्याण सरकार को बर्खास्त किया।।13 दिसंबर, 1992 को छपे एक और लेख की तस्वीर थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हवाले से कहा गया था कि अयोध्या भाजपा की सबसे बड़ी गलती थी। नई किताब में सभी अखबारों की कतरनें हटा दी गई हैं।

पानी संकट पर जबरदस्त घमासान, जल बोर्ड ऑफिस में तोड़फोड़, द्वारका में 3 लोग घायल

नईदिल्ली | आरएनएस

दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर जबरदस्त घमासान मचा हुआ है. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ. पार्टी के सांसद, नेता और कार्यकर्ता दिल्ली में पानी के संकट को लेकर एएपी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. बीजेपी दिल्ली के कई इलाकों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है. वहीं, एएपी विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने उनके आवास पहुंचे, लेकिन उनकी उनसे मुलाकात नहीं हो पाई. इस बीच, छतरपुर में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ऑफिस में अज्ञात हमलावरों ने तोडफ़ोड़ की.

अज्ञात हमलावरों ने दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस की खिड़कियों को तोड़ दिया. सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि डीजेपी के ऑफिस के अंदर चारों ओर कांच बिखरे हुए पड़े हैं. साथ ही फर्श पर मिट्टी के टूटे हुए बर्तनों के टुकड़े भी दिखते हैं. वहीं द्वारका में नल से पानी लेने को लेकर में हुए विवाद में तीन लोगों के घायल होने की खबर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

छतरपुर स्थित दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में हुई तोडफ़ोड़ की बीजेपी ने निंदा की है. बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ने पानी की कमी से परेशन लोगों के गुस्से के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक संपत्ति में तोडफ़ोड़ किए जाने की निंदा की है. उन्होंने कहा, 'जब लोग गुस्से में होते हैं तो कुछ भी कर सकते हैं. मैं बीजेपी कार्यकर्ताओं का आभारी हूं, जिन्होंने लोगों को कंट्रोल किया. यह सरकार और लोगों की संपत्ति है. इस संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से कोई फायदा नहीं है. मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं.'

रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली जल संकट को लेकर केजरीवाल सरकार जमकर निशाना साधा. उन्होने कहा, '...यह भ्रष्ट सरकार है. दिल्ली जल बोर्ड में कोई ऑडिट नहीं हुआ है. यह 70,000 करोड़ रुपये के घाटे में है. यह भ्रष्ट सरकार है.'

वहीं, एएपी के विधायक दिलीप पांडे दिल्ली में बढ़ते पानी के संकट को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे. उनके साथ विधायक राजेंद्र पाल गौतम, विधायक राखी बिड़ला और अन्य एएपी नेता थे. आप विधायक दिलीप पांडे ने बताया, 'हम दिल्ली में जल संकट के मुद्दे का समाधान खोजने के लिए मंत्री सीआर पाटिल से मिलने आए थे. हमें पता चला कि वह यहां नहीं हैं और हम आज उनसे नहीं मिल पाएंगे. अगर जल शक्ति मंत्री अंतरराज्यीय समन्वय करते हैं, तो पानी की कमी की समस्या कम हो जाएगी.'

दिल्ली में पानी के सकंट को लेकर बीजेपी ने सुबह से आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है. बीजेपी ने दिल्ली में जगह-जगह 'मटका फोड़' प्रदर्शन कर रहे हैं. नई दिल्ली से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने भी इस प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया. उनका कहना है कि, 'दिल्ली में पानी कमी कोई नेचुरल प्रोब्लम नहीं है, इसे आप ने पैदा किया है. दिल्ली में पर्याप्त पानी है, और हरियाणा सहमति से अधिक पानी छोड़ रहा है. केवल 10 वर्षों में, आप ने दिल्ली जल बोर्ड को 2013 में 600 करोड़ रुपये के मुनाफे से 2024 में 73000 करोड़ रुपये के घाटे में पहुंचा दिया है.'

दिल्ली के मुंडका की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर फायर ब्रिगेड की 35 गाड़ियां

नईदिल्ली | आरएनएस

राजधानी दिल्ली में आए दिन आग लगने की घटना हो रही है, रविवार को ऐसा ही एक हादसा फिर से देखने को मिला. जब दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. आग लगते ही इलाके में अफरा तफरी मच गई. आग इतनी भीषण थी कि पूरे इलाके के आसमान में धुआं था गया. फिलहाल आग बुझाने की कोशिश की जा रही है, फायर ब्रिगेड की 35 गाडिय़ां मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं.

बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब गर्मी के इस मौसम में दिल्ली मे आग की ऐसी घटना हुई हो. इससे पहले शनिवार यानी 15 जून को भी वसंत विहार इलाके की एक दुकान में भीषण आग लग गई थी. ये आग वसंत विहार के सी ब्लॉक की एक एक दुकान में लगी. आग इतनी भयंकर थी कि इसने आसपास की चार और दुकानों को अपने आगोश में ले लिया. दमकर कर्मी जब तक आग पर काबू पाते तब तक पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं. गनीमत ये रही कि इस आग में किसी को इंसान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. इससे पहले गुरुवार को चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी में भी भीषण आग लग गई थी. ये हादसा गुरुवार शाम करीब पांच बजे हुआ. दमकल की कई गाडिय़ों ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन शुक्रवार सुबह तक आग पर पूरी तरह के काबू नहीं पाया जा सका. इस आग में 120 दुकानें जलकर खाक हो गई और दुकानदारों को करोड़ रुपये का नुकसान हो गया.

केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली बार ट्रेन से मध्य प्रदेश लौट रहे शिवराज, लोगों ने किया स्वागत

भोपाल | आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल में शामिल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को पहली बार मध्य प्रदेश आ रहे हैं। वह शताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं और उनका जगह-जगह भव्य स्वागत हो रहा है। राजधानी में शाम को राज्य के सभी छह केंद्रीय मंत्रियों के स्वागत में प्रदेश भाजपा ने अभिनंदन समारोह का आयोजन किया है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान का ट्रेन में अनेक यात्रियों ने स्वागत किया। मुरैना और ग्वालियर रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। किसी ने माला पहनाई तो किसी ने गुलदस्ता भेंट किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जयकार के नारे भी लगे।

केंद्रीय मंत्री के भोपाल पहुंचने पर राजधानी में उनके भव्य स्वागत का कार्यक्रम है। रोड शो की योजना है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। इसके अलावा भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी केंद्रीय मंत्रियों का अभिनंदन किया जाना है।

भाजपा कार्यालय पर शाम पांच बजे राज्य के सभी छह केंद्रीय मंत्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, एल. मुरूगन, दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर को शामिल किया गया है।

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर जल्द दौड़ेगी ट्रेन, आसान होगा रामबन से रियासी तक का सफर

नईदिल्ली | आरएनएस

जम्मू कश्मीर में बने चिनाव रेलवे ब्रिज से सफर करने की आस में बैठे लोगों का इंतजार अब खत्म हो गया. दुनिया के सबसे ऊंचे इस रेलवे पुल पर जल्द ट्रेनें दौड़ेंगी. इस ब्रिज के बनने से लोगों के लिए रामबन से रियासी तक का सफर करना आसान हो जाएगा. रेलवे अधिकारियों ने रामबन के संगलदान और रियासी के बीच चिनाब रेल ब्रिज का निरीक्षण किया. इसका एक वीडियो भी सामने आया है.

कोंकण रेलवे के इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा, आज वैगन टावर रियासी स्टेशन पर पहुंच गया है. हमें बहुत खुशी और गर्व है कि हम सफल हुए हैं. मजदूर और इंजीनियर लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रहे थे और आज आखिरकार उन्हें सफलता मिली है. इस पुल पर जल्द ही रेल सेवा शुरू होगी.

वहीं, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, चेनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के जरिए रामबन से रियासी तक ट्रेन सेवा जल्द ही शुरू होगी. उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी.

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) जल्द शुरू होने वाली है. इस प्रोजेक्ट में 48.1 किलोमीटर लंबा बनिहाल-सांगलदान खंड शामिल है, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2024 को किया था. इस परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन अक्टूबर 2009 में किया गया था. इसके तहत 118 किलोमीटर लंबे काजीगुंड-बारामुल्ला खंड के निर्माण का हुआ. वहीं जून 2013 में 18 किलोमीटर लंबे बनिहाल-काजीगुंड खंड और जुलाई 2014 में 25 किलोमीटर लंबे उधमपुर-कटरा खंड का उद्घाटन हुआ.

- जम्मू-कश्मीर में चेनाब नदी पर बना हुआ ये पुल इंजीनियर का कमाल है. ये ब्रिज चेनाब नदी से 359 मीटर (लगभग 109 फीट) ऊंचाई पर बना हुआ है. इस तरह ये रेल ब्रिज एफिल टॉवर से लगभग 35 मीटर ऊंचा है.

- चेनाव रेलवे ब्रिज 1,315 मीटर लंबा है, जिसका निमार्ण व्यापक परियोजना के तहत किया गया. इसका मकसद घाटी के लोगों के आने-जाने को आसान बनाना है.